>

Title: Need to upgrade State Highway No- 26 as a National Highway-laid.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): स्टेट हाईवे संख्या 26 जो वर्तमान में एनएच 79 के समीप नसीराबाद बाईपास किमी 20 से प्रारंभ होकर सरवाड-केकड़ी-सावर होते देवली जाकर एनएच 12 टोंक-कोटा मार्ग किमी 167 पर मिलता है । स्टेट हाईवे 26 की कुल लम्बाई 99 किमी है जिसकी वर्तमान के रिजवे 7.00 मीटर चौडाई में है और एनएच 79 को एनएच 12 को आपस में मिलाता भी है ।

उक्त मार्ग पर स्थित सरवाड कस्बे में ख्वाजा फकरूदीन की ऐतिहासिक दरगाह है तो वहीं केकड़ी कस्बे एवं सावर के आसपास ग्रेनाईट एवं मार्बल की खदाने एवं ऊन की बडीमण्डी है तथा इसी मार्ग पर प्रमुख बिसलपुरबांध भी है, नसीराबाद सैनिक छावनी हेतु प्रमुख सड़क मार्ग भी है, जिससे नियमित भारी यातायात बना रहता है । यहां प्रतिदिन पीसीयू 23250 है ।

अतः स्टेटहाइवे 26 नसीराबाद-केकड़ी-देवली को चालू बजट वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय राजमार्ग में क्रमोन्नत कराने की सक्षम स्वीकृति विभागीय कार्य योजनाओं में जारी कराने की कृपा करावें ताकि अजमेर संसदीय क्षेत्र के साथ -’साथ नागौर-राजसमन्द-टोंक-भीलवाडा के वासिन्दों को एक नवी नसुगम मार्ग और उपलब्ध हो सके ।